आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 01.12.2025
समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- देहरादून में आयोजित तीन दिवसीय विश्व आपदा प्रबंधन शिखर सम्मेलन–2025 संपन्न।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोक संस्कृति को सुरक्षित रखने के लिये सामूहिक भागीदारी पर जोर दिया। कहा– राज्य सरकार सांस्कृतिक और सामाजिक विरासत को संरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध।
- टिहरी झील में आयोजित 'इंटरनेशनल प्रेसिडेंट कप–2025' और 'चतुर्थ टिहरी वाटर स्पोर्ट्स कप–2025' संपन्न। प्रतियोगिता में 22 देशों के 300 से अधिक खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा।
- संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरू होगा।
- यूकॉस्ट द्वारा आयोजित राज्य की पहली विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रीमियर लीग में पौड़ी जिले ने पहला स्थान हासिल किया।

**पर्यावरण संरक्षण**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने पर्यावरण संरक्षण के लिये व्यावहारिक व प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया है। उन्होंने कहा पर्यावरण का संरक्षण सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। वे देहरादून में आयोजित तीन दिवसीय विश्व आपदा प्रबंधन शिखर सम्मेलन–2025 और 20वां उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं तकनीकी सम्मेलन के समापन अवसर पर बोल रहे थे।
राज्यपाल ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के लिये विज्ञान, तकनीक और नीतिगत उपायों के साथ समाज को भी जिम्मेदारी उठानी होगी। उन्होंने हिमालयी क्षेत्रों में परंपरागत और पर्यावरण अनुकूल निर्माण को बढ़ावा देने की जरूरत पर जोर दिया। राज्यपाल ने सभी प्रतिभागियों से 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' की भावना अपनाने और पर्यावरण संरक्षण में लोगों की भागीदारी बढ़ाने की अपील की।
कार्यक्रम में राज्यपाल ने युवा वैज्ञानिक सम्मान प्रदान किए और विभिन्न ब्लॉकों से आए विजेताओं को सम्मानित किया।

**उत्तराखंड लोक विरासत 2025**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि लोक संस्कृति को सुरक्षित रखना सभी का सामूहिक दायित्व है। वे देहरादून के एक निजी स्कूल में आयोजित उत्तराखंड लोक विरासत–2025 कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।
मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकगीत, लोकनृत्य, वेशभूषा और पारंपरिक कला उत्तराखंड की पुरानी धरोहर हैं, जिनमें समाज की भावनाएँ और जीवनशैली झलकती है। उन्होंने झोड़ा, छपेली और चांचरी जैसे नृत्यों को सामूहिकता और भावनाओं का प्रतीक बताया। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि रिंगाल शिल्प, काष्ठ कला, ऊनी वस्त्र और पारंपरिक आभूषण प्रदेश की अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार हैं और इन्हें वैश्विक मंच दिलाने के प्रयास जारी हैं।
कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने बताया कि लोक कलाकारों की सहायता के लिए हर छह महीने में नई सूची तैयार की जा रही है। युवा पीढ़ी को परंपराओं से जोड़ने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए 'एक जनपद–दो उत्पाद' और 'हाउस ऑफ हिमालयाज' जैसी पहल के सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं।
श्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार सांस्कृतिक और सामाजिक विरासत को संरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है और कलाकारों व साहित्यकारों से आग्रह किया कि वे अपनी कला के माध्यम से समाज का मार्गदर्शन करते रहें।

**आंदोलन स्थगित**

अल्मोड़ा के चौखुटिया में उप जिला चिकित्सालय की मांग को लेकर चल रहा आंदोलन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से वीडियो कॉल पर हुई बातचीत के बाद 20 दिनों के लिए स्थगित कर दिया गया। मुख्यमंत्री ने आंदोलनकारियों को आश्वासन दिया कि अस्पताल से जुड़ी प्रक्रियाओं को तेजी देने के लिए आवश्यक टोकन मनी जल्द जारी की जाएगी।
उन्होंने कहा कि क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती प्राथमिकता से की जाएगी। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि चौखुटिया क्षेत्र की उचित मांगों पर विभागीय स्तर पर ठोस कार्रवाई हो रही है और इसका असर जल्द दिखाई देगा।

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पुलिस के प्रति जनधारणा, विशेष रूप से युवाओं की धारणा में, तत्काल बदलाव लाने की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि व्यावसायिकता, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना में बढोतरी करके पुलिस के प्रति जनधारणा में परिवर्तन

संभव है। उन्होंने शहरी पुलिस व्यवस्था को मज़बूत करने, पर्यटन पुलिस में नई जान डालने और नए आपराधिक कानूनों के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने की ज़रूरत पर बल दिया।

रायपुर में कल पुलिस महानिदेशकों और पुलिस महानिरीक्षकों के 60वें सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कार्रवाई योग्य खुफियातंत्र की स्थापना करने के लिए नेट ग्रिड के अंतर्गत एकीकृत डेटाबेस का कारगर इस्तेमाल किया जाना चाहिए और इन प्रणालियों को आर्टिफिशल इंटेलीजेंस के जरिए जोड़ने की आवश्यकता है।

श्री मोदी ने प्रतिबंधित संगठनों की नियमित निगरानी के लिए तंत्र स्थापित करने, वामपंथी उग्रवाद से मुक्त क्षेत्रों का समग्र विकास सुनिश्चित करने और तटीय सुरक्षा को मज़बूत करने के लिए नवोन्मेषी मॉडल अपनाने के महत्व पर ज़ोर दिया।

विकसित भारत सुरक्षा आयाम' विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में राष्ट्रीय सुरक्षा के विविध मुद्दों पर गहन विचार–विमर्श हुआ।

## <u>समापन</u>

टिहरी झील में आयोजित 'इंटरनेशनल प्रेसिडेंट कप–2025' और 'चतुर्थ टिहरी वाटर स्पोर्ट्स कप–2025' संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में 22 देशों के 300 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ऐसे आयोजन टिहरी झील को अंतरराष्ट्रीय साहसिक खेलों के हब के रूप में स्थापित कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि टिहरी झील अब साहसिक खेलों और पर्यटन के बड़े केंद्र के रूप में विकसित हो रही है। श्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार ऐसे आयोजनों को आगे भी जारी रखेगी, जिससे स्थानीय लोगों को आजीविका के अवसर मिलेंगे और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

समारोह में मुख्यमंत्री ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया और कहा कि खेल भावना ही असली जीत है। उन्होंने युवाओं को लगातार मेहनत करने के लिए प्रेरित किया और आश्वस्त किया कि राज्य सरकार खिलाड़ियों को सभी आवश्यक सुविधाएँ और सहयोग प्रदान करती रहेगी।

## संसद भीतकालीन सत्र

संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरू होगा। 19 दिनों के इस सत्र में कुल 15 बैठकें होंगी।

इससे पहले, सरकार ने संसद के दोनों सदनों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक बुलाई थी। बैठक की अध्यक्षता रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने की और इसमें 36 राजनीतिक दलों के 50 नेताओं ने हिस्सा लिया।

बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार ने शीतकालीन सत्र के दौरान दोनों सदनों के सुचारू संचालन के लिए सभी राजनीतिक दलों के नेताओं से सहयोग की अपील की है।

## <u>विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रीमियर लीग</u>

उत्तराखंड विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र–यूकॉस्ट द्वारा आयोजित पहली विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रीमियर लीग में पौड़ी जिले ने पहला स्थान हासिल किया। चंपावत दूसरे और रुद्रप्रयाग तीसरे स्थान पर रहा। राज्य स्तरीय इस प्रतियोगिता में 13 जिलों के विद्यार्थियों की टीमें शामिल हुईं और विज्ञान, प्रौद्योगिकी, नवाचार और समस्या समाधान से जुड़े सात चरणों में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की।

समापन समारोह में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने तीनों टीमों को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

यू–कॉस्ट के वैज्ञानिक एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. ओमप्रकाश नौटियाल ने कहा कि यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानने और उन्हें सही दिशा देने का प्रयास है। महानिदेशक प्रोफेसर दुर्गेश पंत ने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी किसी भी राज्य के विकास की आधारशिला हैं और उत्तराखंड जैसे संवेदनशील राज्य में छात्रों को आपदा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण के प्रति विशेष रूप से तैयार करना जरूरी है।

## <u>मि□ान संवाद–कार्य□ााला</u>

चंपावत पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन पर 'मिशन संवाद' के तहत एक कार्यशाला आयोजित की गई। इसका उद्देश्य पुलिसकर्मियों में संवाद को बढ़ावा देना, तनाव की पहचान करना और उन्हें मनोवैज्ञानिक सहायता उपलब्ध कराना था।

कार्यशाला में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, तनाव प्रबंधन, कार्य–जीवन संतुलन और सकारात्मक सोच विकसित करने संबंधी जानकारी दी गई।

विशेषज्ञों ने तनाव और भावनात्मक दबाव को पहचानने, समय प्रबंधन, योग, ध्यान और परामर्श की मदद से मानसिक शांति पाने के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने जरूरत पड़ने पर गोपनीय तरीके से पेशेवर परामर्श उपलब्ध होने के महत्व पर भी जोर दिया।

सत्र में 'मिशन संवाद' ऐप की उपयोगिता और उसके माध्यम से मिलने वाली मनोवैज्ञानिक सहायता के बारे में बताया गया। कार्यशाला में शामिल पुलिसकर्मियों ने इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम बेहतर कार्य वातावरण बनाने में मदद करेंगे।

**और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर——**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम से जुड़ी ख़बरें सभी समाचार पत्रों में प्रकाशित हैं। नवोदय टाइम्स समाचार पत्र प्रधानमंत्री के हवाले से लिखता है– स्कायरूट के इंफिनिटी कैंपस में भारत के अंतरिक्ष प्रवेशी तंत्र को नई उड़ान दी है। वहीं, राष्ट्रीय सहारा समाचार पत्र ने भी स्काईरूट पर प्रधानमंत्री के हवाले से लिखा है– स्काईरूट का इंफिनिटी कैंपस भारत की नई सोच, नवाचार और युवा शक्ति का प्रतिबिंब है।

संसद के शीतकालीन सत्र की आज से शुरुआत हो रही है। दैनिक जागरण का शीर्षक है– एस.आई.आर पर गर्म रहेगा संसद का शीतकालीन सत्र। इसी ख़बर पर अमर उजाला लिखता है– पन्द्रह दिन चलेगा सत्र, निजी कंपनियों के लिये असैन्य परमाणु क्षेत्र खोलने समेत तेरह विधेयक होंगे पेश।